लोकसभा अध्यक्ष 'महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कैसे संपोषी, सहयोगी और सकारात्मक माहौल तैयार किया जाए' विषय पर विचार रखेंगी।

जेनेवा, 04 सितम्बर 2014: लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, इंटर-पार्लिआमेंट्री यूनियन द्वारा जेनेवा स्थित उनके मुख्यालय की ऐतिहासिक बिल्डिंग में 4 और 5 सितम्बर 2014 को आयोजित 'नाइन्थ मीटिंग ऑफ़ वीमेन स्पीकर्स ऑफ़ पार्लियामेंट' में भाग ले रही हैं। इस बार कांफ्रेंस का एजेंडा म'हिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण' है। और काम में दुनिया भर की स्पीकर्स कैसे आगे बढ़कर नेतृत्व करें, इस पर चर्चा होगी।

यह कॉन्फ्रेंस दो दिनों तक चलेगी। लोकसभा अध्यक्ष के साथ में दुनियां के 18 देशों की महिला स्पीकर्स इसमें भाग लें रही है। जिसमें यूनाइटेड किंगडम, इक्वेटोरियल गिनी, सिंगापुर, पोलैंड, जिम्बावे, लाटिविया, चिली, डॉमिनिका, युगांडा, तंज़ानिया, रवांडा और ऑस्ट्रिया आदि देश शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में विभिन्न सत्रों में अपने विचार रखेंगी। वे 'महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कैसे संपोषी, सहयोगी और सकारात्मक माहौल तैयार किया जाए' सत्र की मुख्य रूप से विचार रखने वालों में से एक होगी होंगी।